हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 15. 0 डिग्री

उल्लेखनीय योगदान करने वालों का हुआ सम्मान

4



## खबर संक्षेप

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 25 तक दवा का वितरण

**जांजगीर-चांपा।** जिले में सामूहिक दवा सेवन अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में कुल 686 दवा प्रशासक, 69 पर्यवेक्षक, 8 द्वितीय पर्यवेक्षक एवं 2 रैपिड रिस्पांस (आर.आर.) टीमों की नियुक्ति की गई है। ये टीमें अभियान के दौरान किसी भी विपरीत परिस्थिति में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। कार्यक्रम को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में दिनांक 10 से 12 फरवरी 2026 तक स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बूथ लगाकर पात्र व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। द्वितीय चरण में 13 से 22 फरवरी तक दवा प्रशासक घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। वहीं तृतीय चरण में 23 से 25 फरवरी तक मॉप-अप राउंड के अंतर्गत अभियान के दौरान छूटे हुए व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा।

### 31 मई तक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ वर्ष की खेती को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव की प्रक्रिया 1 फरवरी से 31 मई तक प्रारंभ कर दी गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य खरीफ मौसम के दौरान किसानों को उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना, संभावित कमी से बचाव करना तथा वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखना है।उप संचालक कृषि द्वारा जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे खरीफ वर्ष 2026 हेतु आवश्यक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव अपनी नजदीकी सहकारी समिति से समय रहते कर लें। समय पर उर्वरक उपलब्ध होने से किसान खरीफ फसलों की बुवाई एवं पोषण कार्य सुचारु रूप से कर सकेंगे।

### करही में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 5 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम करही के बाजार चौक में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च दिन गुरु वार से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम करही निवासी जोगेंद्र कुमार कश्यप ने बताया कि अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च दिन गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। व्यास आचार्य विजय गुरुद्वान होंगे। नवधा रामायण का समापन 14 मार्च को होगा। अखंड नवधा रामायण समिति करही के अध्यक्ष मुन्ना कश्यप को बनाया गया है। इसके साथ ही उपाध्यक्ष उत्तरा विश्वकर्मा को और चमरू आदित्य को सचिव बनाया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालेश्वर प्रसाद साहू विधायक जैजैपुर और विशिष्ट अतिथि सम्मे लाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे।

### गोविन्दा मोड़ में पलटी कार, ब्लैक स्पॉट घोषित करने की मांग

**बम्हनीडीह।** गोविंदा बस स्टैंड मोड़ कि सड़क पर लगातार हादसे हो रहे हैं। कभी तेज रफ्तार, कभी ओवरटेकिंग तो कभी चालकों की लापरवाही की बात कही जाती है। मगर इससे भी बड़ी वजह जिम्मेदारों की लापरवाही है। इसके बावजूद अब तक ब्लैक स्पॉट तक नहीं चिह्नित किया गया। वहीं सोमवार कि सुबह करीब 8 बजे फिर से गोविन्दा बस स्टैंड मोड़ के पास भीषण सड़क दुर्घटना हुआ,जहां अर्टिका कार क्रमांक सीजी 22 एस 7800 तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सड़क पर कई पलटी खाते हुए दूर जा गिरी,वही कार सवार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गोविंदा बस स्टैंड मोड के क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड और सख्त ट्रैफिक निगरानी की तत्काल व्यवस्था की जाए।

### बंद राईस मिल के भीतर मिला आरा मशीन

# खैर व तेंदू लकड़ियों की तस्करी पचास लाख का माल जब्त

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मार कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से रखे 15 ट्रक कीमती लकडी को जब्त किया है। जब्त लकडी की कीमत करीब 50 लाख रूपए बताई जा रही है। इस कार्यवाही से लकडी के अवैध कारोबार में लगे माफियाओ में हडकंप मच गया है।

गौरतलब है कि नवागढ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भादा में बंद पडे राइस मिल परिसर में अवैध रूप से लकडी की तस्करी करके उसे वहां रखने का मामला सामने आया है। इस बात की सूचना जब वन विभाग की टीम को मिली तो इसे लेकर संयुक्त टीम बनाकर मंगलवार 17 फरवरी को टीम ने ग्राम भादा के राईस मिल में दबिश दी। रायगढ से लेकर यहां डंप किए गए खैर एवं तेंदु के अवैध रूप से रखे करीब 15 ट्रक लकडी को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। जब्त लकड़ी की कीमत करीब 50 लाख रूपए बताई जा रही है। इस कार्यवाही से लकडी के अवैध कारोबार में लगे माफियाओ में हडकंप मच गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम भादा में जिस राईस मिल का संचालन किया जा रहा था। वह अब पूरी तरह से बंद हो चुका है। वही कुछ लोगो के द्वारा इसे किराए पर लेकर इस तरह का कारोबार कर रहे थे। बताया जा रहा है कि रायगढ जिले से कीमत लकडी तेंदु एवं खैर को लाकर उसे मशीनो के माध्यम से काट एवं छीलकर उसे अन्य दुसरे जिलो में अधिक दामो में बेचने का काम किया जाता था। जिसके तहत वन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त वाहनो में रखे कीमती लकडियों को जब्त करने की कार्यवाही की गई है।



मौके पर कार्रवाई करती वन विभाग की टीम।

### अंतर्राज्यीय गिरोह होने की आशंका

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार टीम पहुंचने से पहले मौके से कर्मचारी फरार हो गए थे। परिसर के अंदर बड़ी तादाद में लकड़ियां और मशीन मिली। पूरे परिसर को सील कर दिया गया है। एक मजदा और ट्रक में लदी लकड़ी को डिपो भेजा गया है। मौके से एक डायरी भी मिली है। वहीं मध्य प्रदेश पासिंग की ट्रक मिली है। इससे अंतर्राज्यीय गिरोह होने की आशंका जताई जा रही है। गिरोह के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है और अन्य जिलों और राज्यों से भी संपर्क किया जा रहा है।

### पूर्व में बलौदा क्षेत्र मे हो चुकी कार्यवाही

जांजगीर चाम्पा जिले के बलौदा ब्लाक वन परिक्षेत्र अंतर्गत आता है। यहां के खिसोरा, खैजा, बोकरामुडा, बोकरेल, कोलिहादेवरी, पंतोरा सहीत अन्य जगहो पर कीमती लकडियो की तस्करी करने का मामला सामने आ चुका है। जिसके तहत वन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही की गई थी।

### की गई कार्यवाही

अवैध रूप से लकडी रखे जाने की सूचना पर संयुक्त टीम बनाकर ग्राम भादा के राईस मिल मे दबिश दी गई। इस दौरान 15 ट्रक अवैध लकडी जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 50 लाख रूपऐ बताई जा रही है। उक्त कार्यवाही वन अधिनियम के तहत की गई है। इस तरह का मामला सामने आने पर आगे भी कार्यवाही होगी।

-होरेश शर्मा,
एसडीओ, वन विभाग

# कलेक्टोरेट की घेराबंदी, भीतर घुसने का प्रयास करते रहे कांग्रेसी

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत किया आंदोलन

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। सभा के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर जम कर निशाना साधा। वहीं रैली निकाल कर नारेबाजी की गई। कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने निकले कार्यकर्ताओ ने पुलिस बल के एक सुरक्षा घेरा को तोड़ डाला। कलेक्टर कार्यालय के सामने लगे टीन के बेरीकेट को तोड़ने के दौरान पुलिस से झड़प हुई।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 फरवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदर्शन किया।विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत और छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़ के नेतृत्व में आंदोलन हुआ। चाम्पा रोड में कांग्रेस ने पहले धरना सभा की। इसके बाद विधायकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ रैली निकाली। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार पर जम कर निशाना साधा और नारेबाजी की। रैली की शक्ल में कांगेस कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने निकले। इधर पुलिस और प्रशासन ने कलेक्टरेट का घेराव रोकने पहले ही चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। कलेक्टरेट मार्ग में स्टॉपर और बेरीकेट लगाए गए थे। वहीं कलेक्टर कार्यालय के मेन गेट में टीन शेड लगाकर सुरक्षा घेरा बनाया गया था। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पुलिस बल के एक सुरक्षा घेरा को तोड़ डाला और कलेक्टर कार्यालय के मेन गेट तक पहुंच गए। कलेक्टर कार्यालय के सामने लगे टीन के बेरीकेट को तोड़ने के दौरान पुलिस से झड़प भी हुई। कलेक्टर कार्यलय के सामने लगे सुरक्षा घेरा को तोड़ने में कांग्रेस कार्यकर्ता नाकाम रहे और नारेबाजी के लौट गए। मनरेगा बचाओ संग्राम के माध्यम से कांग्रेस ने एक बार फिर शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन इस रैली मे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नहीं पहुंचने से कांग्रेसियों के जोश मे कमी नजर आई। हालांकि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़ के साथ जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश और जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने अपनी उपस्थिति देते हुए आंदोलन में शामिल हुए। इसके पूर्व सभा के दौरान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के नाम और नियम को बदल कर देश के मजदूरों के प्रति अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा को फिर से लागु करने की मांग को लेकर सड़क से सदन तक कांग्रेसी नेता आवाज़ उठाएगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि केंद्र सरकार जिस तरह मनरेगा के नाम और नियमों को बदल कर झूठी वाहवाही लूटी जा रही है उसका कांग्रेस विरोध कर रही है। जब तक केंद्र सरकार मनरेगा को फिर से लागू नहीं करेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर दिनेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, डॉ. परस शर्मा, मंजू सिंह, रमेश पैगवार, नवल सिंह, विवेक सिसोदिया, प्रिंस शर्मा, भगवानदास गढेवाल, आकाश तिवारी सहित कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




कलेक्टोरेट कार्यालय के मुख्य गेट के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

# लगातार चौथे दिन फिर खून से लाल हुई सड़क, एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार चौथे दिन हुई दुर्घटनाओं ने लोगों के मन में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। चार दिनों के भीतर सड़क हादसों में दो लोगों की मौत एवं तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना ग्राम हाथनेवरा निवासी रवि पटेल (25 वर्ष) पिता सम्मेलाल पटेल के साथ हुई। बताया जा रहा है कि वह अपने काम से जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है, जिसमें एक पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार युवक की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। दूसरी घटना में चांपा सदर बाजार के डोंगाघाट निवासी तुलसीदास महंत 60 वर्ष की मौत हो गई। तुलसीदास महंत साइकिल से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही 'छोटा हाथी' वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक ने मानवता दिखाते हुए उन्हें उसी वाहन से शासकीय बीडीएम अस्पताल चांपा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा शव को मर्च्युरी में रख दिया गया है। इसके पूर्व गौरव पथ में सड़क दुर्घटना के कारण पचोरी निवासी एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। वहीं उसका पुत्र घटना में घायल हुआ था।



### शराब पीने के लिए रुपए की मांग, आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** रास्ता रोक कर शराब पीने के लिए पैसा मांग कर मारपीट करने वाला आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। अवरीद निवासी प्रार्थी ओम प्रकाश कश्यप ने रिपोर्ट दर्ज कराया था की 10 फरवरी की रात्रि करीबन 9/30 बजे जांजगीर से अपने घर जा रहा था तभी अवरीद के पास पहुंचा था उसी समय आरोपी उत्तर साहू के द्वारा उसे रास्ता में रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांग कर रहा था जिसे मना करने पर गलौज गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुई हाथ में पहने कटीलेदार चूड़ा से मारपीट किया था। थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक कमलेश शेंडे के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुवे आरोपी को पकड़ा गया।

# कैप्सूल वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने छपोरा में बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। मुआवजा मिलने पर 3 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

सक्ती जिले के ग्राम छपोरा निवासी 23 वर्षीय तरूण लहरे बाइक में सवार होकर काम से निकला था। वह दोपहर करीब 12 बजे हसौद से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान छपोरा गांव में मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे कैप्सूल वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। तरूण लहरे को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण सीधे शव लेकर सड़क पर पहुंच गए और हसौद-डभरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर छपोरा चौकी प्रभारी जे.के वर्मा, हसौद थाना प्रभारी राजेश पटेल सहित पुलिस बल मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद तहसीलदार अनुप पटेल भी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सभी मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह ठप रही। अधिकारियों ने किसी तरह वाहन मालिक से संपर्क कर 50 हजार रुपए का मुआवजा दिलाया। वहीं शासन की ओर से 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई। इसके बाद दोपहर 3 बजे चक्काजाम समाप्त हुआ। जिस स्थान पर चक्काजाम किया गया, वहां से हसौद-डभरा और छपोरा-सक्ती के लिए आवागमन होता है। मुख्य स्थान पर चक्काजाम होने से वाहन चालकों को 3 घंटे तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चक्काजाम समाप्त होने तक रूट पर आवागमन बहाल हो सका।



सडक पर शव रखकर विलाप करते परिजन।

# अकलतरा में हॉस्पिटल के वॉर्ड बॉय की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर स्थित कुंवर भुवन भास्कर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उस समय हड़कंप मच गया जब अस्पताल में नाइट ड्यूटी कर रहे वॉर्ड बॉय का शव ऑपरेशन थिएटर के अंदर संदिग्ध अवस्था में मिला।

जानकारी के अनुसार सम्मेलाल सिदार बीती रात नाइट ड्यूटी के लिए घर से अस्पताल आए थे। सुबह करीब 10 बजे जब अस्पताल के अन्य कर्मचारी पहुंचे तो ऑपरेशन थिएटर के अंदर वे अचेत अवस्था में पड़े मिले। कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना बीएमओ डॉ. महेंद्र सोनी को दी। बीएमओ के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। मृतक के परिजन बहोरमती जगत और संतोष जगत ने कहा कि यह अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही है कि एक कर्मचारी पूरी रात ड्यूटी के दौरान मृत पड़ा रहा और किसी को इसकी जानकारी तक नहीं हुई। उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बीती रात सम्मेलाल सिदार ने अस्पताल के दो अन्य कर्मचारियों के साथ शराब का सेवन किया था। बताया जा रहा है कि अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच से इस संबंध में और तथ्य सामने आ सकते हैं। फिलहाल मामले को लेकर जांच की मांग तेज हो गई है।

■ सीसीटीवी फुटेज की जांच से मामले का होगा खुलासा

### हितग्राहियों को मिली 1 करोड़ 37 लाख से अधिक की राशि

# श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। इस तरह के आयोजन से श्रमिकों तक सीधे जुडने महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष ने हितग्राहियों को 1 करोड़ 37 लाख 2 हजार से अधिक की राशि का वितरण किया।

गौरतलब है कि मंगलवार 17 फरवरी को श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा की अध्यक्षता में ऑडिटोरियम जांजगीर में श्रमिक जन संवाद व श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रमिकों को योजनाओं से सीधे जोडने और संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियो को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 1 करोड़ 37 लाख 2 हजार 294 रुपये की राशि वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि श्रमिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रमों से श्रमिकों में जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रमिकों को योजनाओं से सीधे जोडने और संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नंदकुमार चौधरी, विकास शर्मा, पंकज अग्रवाल, अनिल शर्मा, हितेश यादव, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, श्रीमती इंद्रावती जांगड़े, संजय शर्मा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और श्रमिक उपस्थित थे।



हितग्राहियों को राशि वितरित करते श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष एवं अन्य अतिथि।

# शिव मंदिर में मूर्तियां की खंडित पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

खैरताल में शिव मंदिर में मूर्तियों को खंडित करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खैरताल में शिव मंदिर में मूर्तियों को खंडित कर दिया गया था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना पर खैरताल निवासी शेख अनवर उम्र 30 वर्ष पर संदेह हुआ। पूछताछ में आरोपी ने नशे की हालत में मूर्तियां खंडित करना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी शेख अनवर उर्फ छोटा फोन उम्र 30 वर्ष निवासी खैरताल थाना नवागढ़ को गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक कमलेश कुमार सेडे थाना प्रभारी नवागढ़, सउनि संतोष केरकेटटा, प्रधान आरक्षक शिवनंदन गिरधारी, आरक्षक हेमंत खरे, मुकेश राज एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।


JEE में भी रिकॉर्ड SELECTION का भरोसा – ACHARYA INSTITUTE
50+ विद्यार्थियों के JEE ADVANCED क्वालिफाई करने की प्रबल संभावना, ACHARYA INSTITUTE ने फिर दिखाई अपनी ACADEMIC STRENGTH
JEE MAIN RESULTS 2026 SESSION -I
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
NAITIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
ADYA GUPTA 99.75 %ile PHY: 99.40 CHE: 99.16 MATH: 99.72
PRASANN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.31 %ile PHY: 95.21 CHE: 97.04 MATH: 99.13
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87
SHREEJAN SWARNKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
YASH CHANDANI 97.70 %ile PHY: 96.93 CHE: 97.68 MATH: 93.06
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49
RAGHAV SINGH 96.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile CHE: 96.13 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94
ADITYA JAIN 94.90 %ile
ADITI KRISMUCS 94.82 %ile PHY: 93.17 CHE: 95.03
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile MATH: 97.22
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile MATH: 96.95
SUBHIKSHA AGARWAL 89.00 %ile
YOGYATA BHARGAV 87.60 %ile
OM VERMA 86.99 %ile
MOKSHA TIWARI 86.27 %ile
ANUSHKA P BARPANDE 85.54 %ile
NAITIK DEWANGAN 84.85 %ile
CHEHAL 84.30 %ile
DHWANI AGRAWAL 83.27 %ile
SIDDHANT TRIPATHI 82.77 %ile
GITIKA 82.05 %ile
SAMRIDDHI TRIPATHI 82.00 %ile
PRANITA 80.05 %ile
BEST IIT JEE RESULTS OF ACHARYA INSTITUTE
SHRISHTI GUPTA 98.23 %ile PHY: 99.85 CHE: 96.56 JEE 2024 NEET UG 2024 710/720 AIIMS BHOPAL
GUNJAN MISHRA 99.59 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024 NEET UG 2024 705/720 AIIMS HYDERABAD
AKUL SONI 99.84 %ile AIR* 472 | CRL 2503 JEE 2025 IIT GUWAHATI
SATYANSHU 98.78 %ile JEE 2025 NIT NAGPUR
DIVYANSH AGRAWAL 99.83 %ile 1 RANK IN CGPET 2023 JEE 2023 IIT BOMBAY
MAHI KALWANI 99.64 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024 MNNIT ALLAHABAD
KARISHMA SINGH JEE ADV.AIR 776 AIR* 472 | CRL 2503 JEE 2024 IIT KANPUR
PRADYUMNA CHIPDE 98.25 %ile JEE 2024 NIT RAIPUR
ADMISSION OPEN FOR NEW SESSION 2026-27
FOUNDATION BATCH CLASS 6th-10th
NURTURE BATCH 11th & 12th NEET / JEE
TEST SERIES FOR NEET 2026
DROPPER BATCH 11th & 12th NEET / JEE
CRASH COURSE NEET ENGLISH MEDIUM & HINDI MEDIUM
SUMMER COURSE
8-12th ENGLISH MEDIUM | 11th & 12th HINDI MEDIUM
STARTING FROM MAY 1ST WEEK 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION



# रिलीज होते ही छाया 'नागबंधम' का टीजर

**मुंबई।** 'नागबंधम' के मेकर्स एक बहुत बड़ा माइलस्टोन सेलिब्रेट कर रहे हैं, क्योंकि महाशिवरात्रि के मौके पर रिलीज हुए फिल्म के टीजर ने सभी प्लेटफॉर्म्स पर महज 24 घंटों के भीतर 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोर लिए हैं। टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने भगवान के आशीर्वाद और दर्शकों के सपोर्ट के लिए अपना आभार जताया है। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने लिखा, भगवान शिव के आशीर्वाद और दर्शकों के ढेर सारे प्यार के साथ महज 24 घंटों में 20 मिलियन से ज्यादा डिजिटल व्यूज पार कर लिए हैं। फिल्म पैन-इंडिया लेवल पर 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ Style

# शनाया

## 'तू या मैं'ने बदली सोच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्मी दुनिया में किसी भी कलाकार के लिए खुद को साबित करना और आलोचनाओं से जूझना आसान नहीं होता। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री शनाया कपूर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा किया। इस पोस्ट में उन्होंने नई फिल्म 'तू या मैं' और अपने किरदार 'अवनी' को लेकर दिल की बातें रखीं।

इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए शनाया कपूर ने कहा,'तू या मैं' मेरे जीवन में उस वक्त आई, जब मैं खुद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थी। मेरे अंदर आत्मविश्वास की कमी थी और मैं खुद से सवाल करती रहती थी। ऐसे समय में इस फिल्म और इस किरदार का मिलना मेरे लिए किसी सहारे से कम नहीं था। इस फिल्म ने मुझे सिर्फ एक भूमिका नहीं दी, बल्कि खुद पर भरोसा करना भी सिखाया।' अपने किरदार के बारे में शनाया ने कहा,अवनी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। फिल्म में अवनी एक ऐसी लड़की है, जो मुश्किल हालात में भी हार नहीं मानती और जानलेवा परिस्थितियों का सामना करती है। अवनी मगरमच्छों से लड़ती है। अवनी के इसी अंदाज ने मुझे डर से लड़ना सिखाया। इस किरदार ने मुझे निडर और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। मैं अभी भी अवनी के मजबूत व्यक्तित्व तक पहुंचने की कोशिश कर रही हूं। यह सफर मेरे लिए बेहद खास है।' अपनी पोस्ट में शनाया ने दर्शकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, 'करियर की शुरुआत में ही दर्शकों से इतना प्यार मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। लोगों की तारीफ, प्रतिक्रियाएं और समीक्षाएं मुझे भावुक कर देती हैं।



हॉलीवुड मसाला



# रिंग बनी चर्चा का विषय

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस लूसी हेल इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में विजुअल आर्टिस्ट फिलिप लोपेज के साथ कॉफी डेट पर देखा गया। इस दौरान उनकी उंगली में पहनी एक अंगूठी ने सगाई की अफवाहों को हवा दे दी है। अब उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। 36 वर्षीय एक्ट्रेस बुधवार को लॉस एंजेलिस के एक कैफे में फिलिप लोपेज के साथ नजर आईं। दोनों को कैफे के अंदर काफी करीब बैठकर बातचीत करते देखा गया।



# 61 वर्षीय पत्नी संग रोमांटिक हुए 83 साल के फोर्ड...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर हैरीसन फोर्ड और उनकी पत्नी फ्लॉकहार्ट एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। शनिवार को लॉस एंजेलिस में विमान से उतरने के बाद दोनों को टारमैक पर एक-दूसरे को किस करते और गले लगाते देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गईं। प्लेन से उतरने के बाद 83 वर्षीय फोर्ड और 61 वर्षीय फ्लॉकहार्ट ने खुल्लम-खुल्ला अपने प्यार का इजहार किया। दोनों एक-दूसरे की आंखों में देखते और मुस्कुराते नजर आए। शादी के करीब 26 साल बाद भी उनके बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली। इस दौरान दोनों ने बेहद कैजुअल कपड़े पहने थे। फ्लॉकहार्ट ले टैन कलर की लाउंज पैंट और डार्क ग्रे स्वेटर में नजर आईं।



# महाशिवरात्रि में जमकर थिरकीं तमन्ना

**कोयंबटूर।** ईशा फाउंडेशन में आयोजित महाशिवरात्रि के जश्न में बॉलीवुड सेलेब्स का जमावड़ा देखने को मिला। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का डांस वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे लोगों के साथ थिरकती दिखीं। तमन्ना भाटिया कई सालों से महाशिवरात्रि के जश्न का हिस्सा बनती आ रही हैं, और इस बार भी वे भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखीं। सिंपल व्हाइट लुक के साथ अभिनेत्री को पूरे जोश के साथ डांस करते हुए देखा गया। अभिनेत्री का डांस सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। महाशिवरात्रि के भव्य कार्यक्रम में सारा अर्जुन और श्रीनिधि शेट्टी को भी देखा गया। दोनों अभिनेत्रियों के लिए महाशिवरात्रि के भव्य समारोह का अनुभव बहुत अच्छा रहा।



# ओ रोमियो ने बॉक्स ऑफिस पर मारी बाजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी तृप्ति डिमरी संग केमिस्ट्री को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में वीकेंड के दौरान इस फिल्म ने तीन दिनों में 30 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार, पहले दिन ओ रोमियो ने भारतीय बाजार में 8.5 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन फ़िल्म ने 12.65 करोड़ कमाई और तीसरे दिन 09 करोड़ की कमाई की। इस तरह फ़िल्म ओ रोमियो ने भारतीय बाजार में 30 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। बता दें, विशाल भारद्वाज निर्देशित फिल्म ओ रोमियो में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं।

टीवी मसाला

# क्रिस्नन बनने वाली हैं मां, दिखाया बेबी बंप...

**मुंबई।** छोटे परदे की मशहूर एक्ट्रेस क्रिस्नन बैरेटो ने अपने फैंस के साथ दिल को छू लेने वाली खबर शेयर की कि वह अपने पति नाथन करमचंदानी के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। कपल ने बताया कि उनका दो लोगों का परिवार जल्द ही तीन का होने वाला है। 'कैसी ये यारियां' से फेमस हुईं क्रिस्नन ने इस खास मौके को मार्क करने के लिए नाथन के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। अपने जॉइंट पोस्ट में उन्होंने लिखा कि यह आखिरी वैलेंटाइन्स डे होगा, जिसे वे सिर्फ एक कपल के तौर पर मनाएंगे, क्योंकि एक बच्चा आने वाला है। क्रिस्नन ने प्रेग्नेंसी को ऑफिशियली अनाउंस करने के लिए एक क्रिएटिव वीडियो शेयर किया। क्लिप की शुरुआत कपल के हाथ में एक अखबार से होती है, जिसकी हेडलाइन है, 'ब्रेकिंग न्यूजः बेबी रास्ते में है!' इसके बाद नाथन के क्रिस्नन के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए कुछ खूबसूरत पलों को दिखाया है। क्रिस्नन बैरेटो और नाथन करमचंदानी के पोस्ट का कैप्शन था, '1 + 1 = 3' लगभग चार साल में एक ही देश में हमारा पहला वैलेंटाइन डे और आखिरी वैलेंटाइन डे, जो हम सिर्फ दो के तौर पर बिता पाए।



# अभिनय के बाद श्वेता ने रखा फिल्म निर्माण में कदम....



**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने प्रोड्यूसर के रूप में महिलाओं पर आधारित और क्वीर कहानियों को सपोर्ट करने का फैसला किया है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह सही है और इस काम में उन्हें खास महसूस होता है। एक आर्टिस्ट के तौर पर यह उनके लिए एक बड़े मकसद का हिस्सा है। श्वेता ने हाल ही में अपनी पहली क्वीर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' को प्रोड्यूस करने की घोषणा की है। इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम मुख्य भूमिका में हैं और यह एक क्वीर लव स्टोरी है, जो इस साल फ्लोर पर आने की उम्मीद है। फिल्म में श्वेता खुद भी अभिनय कर रही हैं। अभिनेत्री ने बताया, मेरे लिए यह बहुत पर्सनल है। अगर हम समाज में कोई खास बदलाव देखना चाहते हैं, तो हमें खुद इसका हिस्सा बनकर शुरुआत करनी होगी। महिलाओं और क्वीर लाइफ की कहानियां हमेशा से मौजूद रही हैं, लेकिन उन्हें वह जगह और सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं।

# भारत में पहली बार धमाल मचाने आ रहे कान्ये वेस्ट

*भारत में लाइव म्यूजिक और इंटरनेशनल कॉन्सर्ट्स का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कड़ी में अब लोगों के बीच अमेरिकी रैपर और सॉन्गराइटर कान्ये वेस्ट के लाइव परफॉर्मेंस को लेकर जमकर उत्साह है। यह कॉन्सर्ट कान्ये के करियर का भारत में पहला शो होगा। कान्ये वेस्ट का यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के तौर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को चुना गया है। यह शो तकनीक, विजुअल्स और साउंड के स्तर पर भारत के सबसे भव्य कॉन्सर्ट्स में से एक होगा।*



**नई दिल्ली।** कान्ये वेस्ट का म्यूजिक करियर हमेशा से एक्सपेरिमेंट और बदलावों से भरा रहा है। उन्होंने हिप-हॉप को पारंपरिक 'गैंगस्टर रैप' से बाहर निकालकर एक नई पहचान दी। अटलांटा में जन्मे और शिकागो में पले-बढ़े कान्ये ने कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़कर म्यूजिक को करियर चुना। शुरुआती दौर में उन्होंने बतौर म्यूजिक प्रोड्यूसर काम किया और मशहूर रैपर जे-जेड के लेबल रॉक-ए-फेला रिकॉर्ड्स से जुड़े। यहीं से उनकी 'चिपमंक सोल' प्रोडक्शन स्टाइल को पहचान मिली।रिकॉर्डिंग आर्टिस्ट के तौर पर कान्ये का डेब्यू एल्बम 'द कॉलेज ड्रॉपआउट' बेहद सफल रहा और इसे आलोचकों से भी खूब सराहना मिली। इसके बाद उनका दूसरा एल्बम 'लेट रजिस्ट्रेशन' आया, जिसने उन्हें और ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। उन्होंने करियर में 'स्लो जैम्ज', 'गोल्ड डिगर', 'स्ट्रॉन्गर' और 'ई.टी.' जैसे कई चार्टबस्टर गाने दिए। वह तीन अलग-अलग दशकों में बिलबोर्ड हॉट 100 चार्ट पर टॉप करने वाले पहले रैपर भी बने।

# रशिमका के रिसेप्शन का कार्ड वायरल



*मुंबई। रश्मिका मंदाना की शादी को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। सोशल मीडिया पर कपल के रिशेप्सन का कार्ड वायरल हो रहा है। कार्ड के मुताबिक रिशेप्सन 4 मार्च को होने वाला है। बीते दिनों रिपोर्ट्स में कई महीनों से दावा किया जा रहा है कि रशिमका इस साल फरवरी के आखिर यानी 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंध सकती हैं। बताया जा रहा है कि उदयपुर के एक महल में रशिमका और विजय देवरकोंडा शादी करेंगे, जहां सिर्फ करीबी परिवार और करीबी दोस्त शामिल होंगे। उदयपुर में होने वाली शादी के बाद यह कपल मार्च में हैदराबाद में ग्रैंड रिसेप्शन देने की तैयारी कर रहा है। बीते दिन खबर आई थी कि 4 मार्च को शहर के एक बड़े कन्वेंशन सेंटर में ग्रैंड रिसेप्शन दिया जा सकता है। इस मौके पर साउथ से लेकर बॉलीवुड तक के कई बड़े सितारे शामिल हो सकते हैं। वहीं आज वायरल कार्ड मे भी 4 मार्च डेट मेंशन की गई है। कार्ड का काफी सिंपल और एलीगेंट लग रहा है। विजय या रश्मिका की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।*

## बप्पी दा ने भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री को एक नई बीट

# एक साल में 180 गानों का रिकॉर्ड, गिनीज में एंट्री

***मुंबई।*** *भारतीय सिनेमा में जब भी 'डिस्को' की धुन बजती है, दिल और दिमाग एक साथ जिस नाम को याद करते हैं, वह है बप्पी लहरी। सोने की चमचमाती चेन, काले चश्मे, घुंघराले लंबे बाल और चेहरे पर सजी मासूम मुस्कान-उनकी शख्सियत ही अपने आप में एक स्टाइल स्टेटमेंट थी। वे सिर्फ गायक या संगीतकार नहीं थे, बल्कि एक दौर की पहचान थे। 'डिस्को किंग' के नाम से मशहूर बप्पी दा ने भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री को एक नई बीट, नई चमक और नया अंदाज दिया। उनकी मौजूदगी मंच पर अलग ही ऊर्जा भर देती थी, और उनकी धुनें सुनते ही पैर खुद-ब-खुद थिरकने लगते थे। 80 और 90 के दशक में उनका संगीत सिर्फ ट्रेंड नहीं, बल्कि एक क्रेज बन चुका था। बप्पी लहरी ने अपनी अनोखी स्टाइल और जोशीले संगीत से खुद को भीड़ से अलग साबित किया।*



**संगीत विरासत में मिला :** 27 नवंबर 1952 को बंगाल के एक संगीत परिवार में जन्मे बप्पी दा के लिए सुर और ताल जैसे खून में ही थे। उनके पिता अपरेश लहरी और मां बंसरी लहरी दोनों ही प्रसिद्ध गायक-संगीतकार थे। सिर्फ तीन साल की उम्र से उन्होंने संगीत की तालीम लेना शुरू कर दी थी। क्लासिकल तबला वादन की शिक्षा उन्होंने मशहूर गुरु पंडित शांताप्रसाद से ली। 11 साल की उम्र तक आते-आते वह पियानो बजाने लगे थे। आगे चलकर उन्होंने हिंदी, बंगाली और दक्षिण भारतीय भाषाओं में 5 हजार से अधिक गाने गाए और 500 से ज्यादा फिल्मों में संगीत दिया।

### करियर की शुरुआत से सुपरहिट पहचान तक

बप्पी दा ने 1973 में फिल्म नन्हा शिकारी से बतौर संगीत निर्देशक अपने सफर की शुरुआत की। हालांकि असली पहचान उन्हें 1975 की फिल्म जख्मी से मिली। इस फिल्म में उन्होंने न सिर्फ संगीत दिया, बल्कि प्लेबैक सिंगर के रूप में भी अपनी आवाज का जादू चलाया। इसके बाद उनकी धुनें हर पार्टी, हर शादी और हर जश्न की जान बन गईं। उनका पॉप और डिस्को का फ्यूजन उस दौर में बिल्कुल नया था। तेज बीट्स और कैची धुनों ने उन्हें युवाओं का चहेता बना दिया।

### एक साल, 33 फिल्में और 180 गाने

बप्पी लहरी का मानना था कि साल में दो-तीन फिल्में करना ही काफी है, लेकिन जुनून जब सिर चढ़कर बोले तो इतिहास बन जाता है। साल 1986 में उन्होंने 33 फिल्मों के लिए 180 से ज्यादा गाने रिकॉर्ड कर एक अनोखा रिकॉर्ड कायम किया।

### हमेशा याद रहेंगे 'डिस्को किंग'

बप्पी लहरी ने सिर्फ गाने नहीं बनाए, बल्कि एक दौर को आवाज दी। उनकी धुनों ने पीढ़ियों को थिरकाया और भारतीय संगीत में डिस्को की चमक हमेशा के लिए दर्ज कर दी। उनकी स्टाइल, उनका संगीत और उनकी मुस्कान-सब कुछ आज भी उतना ही यादगार है।

## हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद 2026

# उल्लेखनीय योगदान करने वालों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हरिभूमि आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में जहां जनप्रतिनिधियों और समाजसेवा के साथ शिक्षा जगत से जुड़े लोगों से सार्थक चर्चा की गई। वहीं अंतिम सत्र में समाजसेवा और शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों का हरिभूमि एवं आईएनएच परिवार द्वारा शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

सोमवार 16 फरवरी को आयोजित जिला संवाद 2026 कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अफसरों के साथ समाजसेवी और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से चर्चा के उपरांत जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान



कानून की किताब लिखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता एवं साहित्यकार विजय कुमार दुबे को सम्मानित करते अतिथि।



कार्यक्रम में उपस्थित नगर के गणमान्य नागरिक।

हरिभूमि आईएएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद कमलेश जांगड़े, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधायक ब्यास कश्यप, राघवेन्द्र कुमार ि सिंह, शेषराज हरवंश, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया द्वारा सम्मानित किया गया। इनमें कानून की 14 से अधिक किताब लिखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता एवं साहित्यकार विजय कुमार दुबे, कुष्ठ निवारक संघ चांपा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी, जरुरतमंदों की ईलाज के लिए तत्पर डॉ. जी.के. नायक को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सरकारी स्कूल में 40 से अधिक वर्षों तक निःशुल्क सेवा देने वाले कमरीद के रामकृष्ण वैष्णव (पुजारी गुरुजी), मलखंभ एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं हेड कोच पुष्कर दिनकर, चैतन्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित चंद्रा, क्रेशर उद्योग संघ के सचिव विजय अग्रवाल, स्नैक मेन अनुराग शुक्ला, हरिलीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानियां, यूनिक फार्मेसी कॉलेज एवं यूनिक एजुकेशन ट्रस्ट के डायरेक्टर अखिलेश सिंह सेंगर को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिले के जनप्रतिनिधि एवं शहरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संवाद कार्यक्रम में इनका हुआ सम्मान



भारतीय कुष्ठ निवारक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी हुए सम्मानित।



नि:शुल्क शिक्षादान के लिए रामकृष्ण वैष्णव को सम्मानित करते अतिथि।



जरुरतमंदों के ईलाज के लिए तत्पर रहने वाले डॉक्टर जी.के. नायक हुए सम्मानित।



क्रेशर उद्योग संघ के सचिव विजय अग्रवाल का सम्मानित करते अतिथिगण।



हरिलीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानियां को सम्मानित करते अतिथि।



चैतन्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमित चंद्रा का सम्मान करते अतिथि।



फार्मेसी कॉलेज एवं यूनिक एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर अखिलेश सेंगर को सम्मानित करते अतिथि



स्नैकमेन के नाम से चर्चित अनुराग शुक्ला को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते अतिथि



मखखंभ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले पुष्कर दिनकर को सम्मानित करते अतिथिगण।

## संवाद में शामिल अतिथियों का हरिभूमि आईएनएच परिवार ने किया स्वागत व सम्मान...



















### हरिभूमि आईएनएच जिला संवाद में उठा विश्वविलाय का मुद्दा, पड़ोस को छोड़ 100 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है रायगढ़

# कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए यूर्निवसिटी बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हरिभूमि आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद में जाजंगीर-चांपा में विश्वविद्यालय स्थापना का मुद्दा जोर-शोर से उठा। दरअसल कार्यक्रम के प्रथम चरण में समाजसेवा, उद्योग व शिक्षा जगत से जुड़े अतिथियों ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। चर्चा के दौरान उनका कहना था कि 100 से अधिक कॉलेज होने के बावजूद जांजगीर में विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी, जबकि इससे आधे से भी कम संख्या होने पर रायगढ़ में यूर्निवसिटी संचालित हो रहा है। खास बात यह है कि जांजगीर जिले के सभी कॉलेज रायगढ़ से संबद्ध है, जिसे अव्यवहारिक बताया गया।

सोमवार 16 फरवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम में हरिभूमि आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम के प्रथम चरण में समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक डॉ. परस शर्मा, कृष्णा इण्डट्रीज के संचालक युवा उद्योगपति प्रतीक अग्रवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष एवं दुर्गा उत्सव के नाम से जांजगीर को अहम पहचान दिलाने वाले राजेश पालीवाल तथा सांदिपनी शिक्षण संस्थान के संचालक संतोष गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आईएनएच की एंकर राजश्री थवाईत ने जिले के विकास



जिला संवाद में चर्चा करते डॉ. परस शर्मा, प्रतीक अग्रवाल, राजेश पालीवाल, संतोष गुप्ता।

और विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की। इस दौरान डॉ. परस शर्मा ने कहा कि जिले में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की दरकार है। स्वस्थ व्यक्ति को भी आयुर्वेद की जरूरत पड़ती है। उन्होंने जिला मुख्यालय जांजगीर में आयुषविंग के अस्थाई रुप से संचालन नहीं होने पर चिंता जाहिर की। संवाद कार्यक्रम के दौरान संदीपनी विज्ञान एवं कला महाविद्यालय के संचालक संतोष गुप्ता ने कहा कि जांजगीर चांपा जिले में 100 से भी अधिक निजी एवं शासकीय महाविद्यालय है, लेकिन यहां विश्वविद्यालय की स्थापना आज तक नहीं हो सकी। सबसे बड़ी विडंबना की बात यह है कि पड़ोसी जिला बिलासपुर से अलगकर जांजगीर जिले के कॉलेजों को रायगढ़ विश्वविद्यालय से जोड़ दिया गया है, जो कि छात्र हित में पूरी तरह से अव्यवहारिक है। श्री गुप्ता ने कहा कि रायगढ़ में कॉलेजों की संख्या भी जांजगीर से अत्यंत कम है। समाजसेवी एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेश पालीवाल ने कहा कि समाजसेवा में सभी वर्गों की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन के सहयोग से लायंस क्लब द्वारा हर तरह से जरुरतमंदों के लिए शिविर लगाए जाते है। रक्तदान, मानसिक रुप से कमजोर बच्चों के देखरेख और उपचार को लेकर भी महत्वपूर्ण आयोजन किए गए है। जिले के युवा उद्यमी एवं कृष्णा इण्डस्ट्रीज के संचालक प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि इंडस्ट्रीज बढ़ने से लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं। खासकर युवा वर्ग के लोग जो दूसरे राज्यों में जाकर काम करते हैं उन्हें स्थानीय स्तर पर भी काम मिल जाता है। व्यापार एवं उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकल खरीदी पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए। जीएसटी में कुछ हद तक समस्या भी बनी रहती है उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए सभी व्यापारियों को मिलकर काम करना भी होगा। साथ ही साथ उद्योगों में श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने के साथ उनकी सुरक्षा का समुचित ध्यान भी रखा जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान उद्योगनीति बहुत अच्छी है, लेकिन यह तब सफल होगी जब इसे धरातल पर कारगर किया जाएगा। चर्चा के उपरांत अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।